# Skill Development बन रही रोजगार और स्वरोजगार की कुंजी, इसने 20 लाख से अधिक लोगों का भविष्य संवारा

Authored By: एनबीटी बिजनेस डेस्क | नवभारतटाइम्स.कॉम • 18 Jul 2026, 9:32 am IST

Subscribe YouTube 12M

Skill India: भारत सरकार का जोर इस समय कौशल विकास पर है। इससे न सिर्फ रोजगार की संभावना बढ़ती है बल्कि स्वरोजगार का भी अवसर खुलता है। सरकार की कौशल विकास की योजनाओं में निजी क्षेत्र की कंपनियां भी शामिल हो रही हैं। अब वेदांता ग्रुप को ही देखिए। इसने कौशल विकास की योजनाओं पर अमल कर करीब 20 लाख लोगों के बेहतर भविष्य की राह बनाई है।




स्किल डेवलपमेंट से भविष्य निर्माण(फोटो- नवभारतटाइम्स.कॉम)

Advertisement

ADVERTISING

Great teams are built on trust, performance, and protection — on and off the As an Official FIFA Technology Partner, Lenovo is helping power the future of global football with smarter technology and enterprise-grade security solutions. From devices used behind the scenes to the digital infrastructure that keeps operations running seamlessly, Lenovo ThinkShield and Digital Workplace Solutions are designed to protect people, devices, identities, and data at every level. In a fast-moving digital world where every connection matters, Lenovo enables organizations to stay secure, productive, and ready for anything. With advanced endpoint protection, proactive threat prevention, secure remote collaboration, and AI-powered workplace solutions, ThinkShield delivers built-in security that works silently in the background — so teams can focus on performance, innovation, and the moments that matter most.

आज का AQI नई दिल्ली

तापमान वायु गुणवत्ता

72 AQI

PM2.5 22 μg/m³

मॉडरेट

Powered By AQI

Advertisement

ADVERTISING

**नई दिल्ली**: भारत आज की तारीख में दुनिया के सबसे युवा देशों में शामिल है। जाहिर है कि यहां काम करने वाले लोगों या कामगारों की कमी नहीं है। लेकिन, चिंताजन बात यह है कि यहां काम करने वाले लोगों में से केवल एक छोटे हिस्से को ही औपचारिक व्यावसायिक प्रशिक्षण (Professional Training) मिला है। बांकी सब काम करते-करते, गलतियों से सीखते हैं। वहीं दुनिया के विकसित या विकासशील देशों में इससे उल्टा होता है। वहां पहले प्रशिक्षण प्राप्त किया जाता है। फिर काम में एंट्री होती है। जाहिर है कि इससे प्रोडक्शन पर अच्छा प्रभाव दिखता है।

Great teams are built on trust, performance, and protection — on and off the As an Official FIFA Technology Partner, Lenovo is helping power the future of global football with smarter technology and enterprise-grade security solutions. From devices used behind the scenes to the digital infrastructure that keeps operations running seamlessly, Lenovo ThinkShield and Digital Workplace Solutions are designed to protect people, devices, identities, and data at every

## अब शुरू हो रही है नई परंपरा

भारत में स्किल्ड या प्रशिक्षित वर्कफोर्स (Skilled Workforce) का आंकड़ा इस समय कई विकसित देशों की तुलना में काफी कम है। लेकिन, डिजिटल तकनीक (Digital Technology), ऑटोमेशन (Automation) और आधुनिक विनिर्माण (Modern Manufacturing) के तेजी से बढ़ते दौर में उद्योगों की ज़रूरत के अनुसार कौशल उपलब्ध कराना पहले से कहीं अधिक जरूरी हो गया है। तभी तो भारत की युवा आबादी की क्षमता का पूरा लाभ उठाया जा सकेगा। इस दिशा में सरकार के साथ-साथ उद्योग जगत भी आगे आया है। उदाहरण के लिए वेदांता ग्रुप (Vedanta Group) ने सरकार, उद्योग जगत और अपने सहयोगी संस्थानों के साथ मिलकर इस कमी को दूर करने का काम शुरू किया है। पिछले दिनों, विश्व कौशल दिवस पर एक आंकड़ा आया है कि इस ग्रुप ने अभी तक स्किल डेवलपमेंट कार्यक्रमों के जरिये करीब 20 लाख लोगों को प्रशिक्षित किया।


रेकमेंडेड खबरें


Russian Oil Imports: ट्रंप ने नहीं दी प्रतिबंधों में छूट, फिर भी रूस टॉप...


US-China Agreement: चीन नहीं दे रहा अमेरिका को भाव, एग्रीमेंट की उड़ाई ह...


Gitanjali Angmo Profile: 15 साल कॉर्पोरेट में बिताए, सोनम वांगचुक ...


What is Local Pass-MargMitra: NHAI ने शुरू की हैं दो सर्विसेज, टोल...


E20 Petrol: 'रिकॉर्ड NIL


## सरकारी योजनाओं में भी भागीदारी

ग्रुप का कहना है कि वह युवाओं को रोजगार के लिए तैयार करने के साथ-साथ स्थानीय स्तर पर आजीविका और उद्यमिता के अवसरों को भी मजबूत बना रही है। इसके लिए वह कई प्रमुख सरकारी कार्यक्रमों भी लागू कर रहा है। इनमें प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (PMKVY), पीएम विश्वकर्मा योजना, राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (NABARD) की योजना, स्किल इंडिया इम्पैक्ट बॉन्ड (SIIB) से जुड़ी योजना, मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना (MMKVY) और ओडिशा स्किल डेवलपमेंट अथॉरिटी (OSDA) से जुड़ी योजनाएं शामिल हैं। इसके अलावा, कंपनी विभिन्न उद्योगों और कार्यान्वयन साझेदारों के साथ मिलकर काम कर रही है, ताकि कौशल विकास कार्यक्रम बदलती रोजगार संबंधी जरूरतों और विभिन्न क्षेत्रों की आकांक्षाओं के अनुरूप बने रहें।

Advertisement

भारत सरकार का फ्री AI कोर्स और सर्टिफिकेट: YUVA AI for ALL की पूरी जानकारी

## 6 साल में 20 लाख

मेटल (Metal), ऑयल एंड गैस (Oil & Gas), मिनरल्स (Minerals), एनर्जी (Energy) और टेक्नोलॉजी (Technology) सेक्टर में काम करने वाला वेदांता ग्रुप का करोबार विदेशों में भी फैला है। कंपनी के मुताबिक वह इस समय न सिर्फ भारत बल्कि दक्षिण अफ्रीमा, लाइबीरिया और नामीबीया में भी काम कर रही है। कंपनी कहना है कि इसने पिछले छह वर्षों के दौरान अपनी कौशल विकास पहलों के माध्यम से लगभग 20 लाख लोगों को स्किल्ड बनाया है। इसके साथ ही, कंपनी ने सभी के लिए समान अवसर उपलब्ध कराने और भविष्य की जरूरतों के अनुसार सक्षम कार्यबल तैयार करने की अपनी प्रतिबद्धता को फिर से दोहराया है।

लेखक के बारे में
**एनबीटी बिजनेस डेस्क**
एनबीटी बिजनेस डेस्क नवभारत टाइम्स डिजिटल का कारोबारी हिस्सा है। यहां हम आपके रुपये-पैसे से जुड़ी हर बड़ी खबर से आपको रू-ब-रू कराते हैं। इसमें आप पर्सनल फाइनेंस, शेयर बाजार, म्यूचुअल फंड, प्रॉपर्टी, कमोडिटीज, इनकम टैक्स, बजट और रेलवे समेत आर्थिक जगत की सभी खबरें पढ़ते हैं। कारोबार की ... और पढ़ें

कन्वर्सेशन शुरू करें | कमेंट पोस्ट करें